समाचार

# आयुक्त ने साफ–सफाई कार्यो सहित विभिन्न विकास कार्यो का किया निरीक्षण

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरूभेले के साथ शहर का किया दौरा, विकास व निर्माण कार्यो तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो एवं व्यवस्थाओं का लिया जायजा)




कोरबा 30 जुलाई 2025 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने स्कूटर पर सवार होकर आज सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरूभेले एवं निगम के अधिकारियों की टीम के साथ शहर का दौरा कर साफ–सफाई कार्यो सहित विभिन्न प्रगतिरत विकास कार्यो का निरीक्षण किया, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो का जायजा लिया, विकास कार्यो की गुणवत्ता को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होने सफाई कार्य में संलग्न स्वच्छता दीदियों व सफाई कामगारों से उनके कार्यो के संबंध में चर्चा की तथा शहर की स्वच्छता में उनकी सहभागिता को रेखांकित करते हुए बेहतर साफ–सफाई कार्यो हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय अपने नियमित प्रातः भ्रमण के दौरान सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरूभेले के साथ स्कूटर पर सवार होकर मुड़ापार बाजार पहुंचे। उन्होने वहॉ पर स्थित सुलभ काम्पलेक्स का निरीक्षण किया, वहॉ की साफ–सफाई व व्यवस्थाओं को देखा, साथ ही मुड़ापार बाजार एवं आसपास के क्षेत्रों में किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया, मुड़ापार बाजार के रेनोवेशन से जुड़े प्रगतिरत कार्यो का भी निरीक्षण किया। सफाई कार्यो के निरीक्षण के दौरान कार्य में संलग्न सफाई कामगारों द्वारा निर्धारित ड्रेस न पहनने को गंभीरता लेते हुए संबंधित सफाई कार्य एजेंसी पर अर्थदण्ड आरोपित करने एवं सफाई कामगारों को कार्य के दौरान निर्धारित ड्रेस व सुरक्षा उपकरणों से लेस के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत बी.एल.सी.घटक के तहत निर्मित कराए गए आवासगृह का निरीक्षण किया तथा संबंधित हितग्राही से चर्चा की।

**एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने सहायक कलेक्टर श्री गुरूभेले के साथ मिनीमाता कालेज के पीछे स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर का भी औचक निरीक्षण किया, वहॉ की व्यवस्थाओं को देखा तथा सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों व सेंटर सुपरवाईजर से सेंटर की गतिविधियों पर चर्चा की, इस दौरान उन्होने सूखे व गीले कचरे का पृथक्कीकरण, कचरे का प्रबंधन आदि का जायजा लेते हुए सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस मौके पर सेंटर में कार्यरत महिलाओं की आय में वृद्धि किए जाने के संबंध में चर्चा की तथा विभिन्न नवाचार के संबंध में स्वच्छता दीदियों का मार्गदर्शन किया।

**आदिवासी शक्तिपीठ में निर्माण कार्यो का निरीक्षण** – नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बुधवारी स्थित विश्व आदिवासी शक्तिपीठ में विभिन्न निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, जिसके अंतर्गत बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया गया है, वहीं परिसर में पेवर ब्लाक लगाए जाने, नाली का निर्माण तथा लाईट व्यवस्था सहित अन्य कार्य प्रगति पर हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन कार्यो का निरीक्षण किया, कार्यो की गुणवत्ता को देखा तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समयसीमा में कार्य को पूरा किए जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा एवं भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, गोयल सिंह विमल, आकाश अग्रवाल, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता, उप अभियंता अश्वनी दास, राजस्व निरीक्षक अविनाश जायसवाल आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।